**भारत सरकार**

**इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश**

**शिमला दिनांक 18-नवम्बर-2023**

**हिंदी समिति की बैठक का आयोजन एवं**

**एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन**

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

इस उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (01-अक्टूबर-2023 से 31-दिसंबर-2023) के दौरान दिनांक 18-नवम्बर-2023 को कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




**श्री अजय सिंह चैहल उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी**

**हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के लिए समिति के सभी सदस्यों को पूर्व में सूचित किया गया था, एवं इसी प्रकार से कार्यालय के सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को हिंदी कार्यशाला व हिंदी संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी पूर्व में सूचित किया गया था।

सबसे पहले कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन पूर्व निर्धारित समय अनुसार किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल एवं तीन सदस्यों श्री विनोद कुमार गर्ग, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में एन.आई.सी. हि.प्र. राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी, एवं यह पाया गया कि, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।




**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अन्य कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया, जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारिओं व कर्मचारिओं ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान आरम्भ में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने सभी को अवगत करवाया, कि पिछले माह 05-अक्टूबर-2023 को संसदीय राजभाषा समिती द्वारा राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश राज्य कार्यालय का राजभाषायी निरीक्षण किया गया। संसदीय राजभाषा समिती द्वारा इस निरीक्षण का स्थान धर्मशाला निर्धारित किया गया था, व इस कार्यालय का यह प्रथम निरीक्षण था। राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने इस निरीक्षण से सम्बंधित मुख्य पहलुओं तथा प्रक्रियों के बारे में सभी से अनुभव सांझा किये। तथा सभी को निर्देश दिए, कि पत्राचार केवल हिंदी में ही किया जाएगा, ताकि 100% पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

कार्याशाला के दौरान विषय विशेष पर हिंदी में व्याख्यान के तहत इस बार श्री मंगल सिंह, संयुक्त निदेशक (आई.टी.) ने "हिंदी और भारतीय संविधान" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने राजभाषा से सम्बंधित भारतीय संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में पी.पी.टी. के माध्यम द्वारा विस्तार पूर्वक बताया व प्रस्तुति दी, तथा संघ एवं राज्यों के सन्दर्भ में राजभाषा विषय पर विस्तृत रूप से सभी को समझाया। विषय विशेष पर व्याख्यान की कड़ी के तहत श्री संजय कुमार आगामी कार्यशाला के दौरान अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।




**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान श्री मंगल सिंह व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए**

इसके उपरान्त हिंदी-बोध मोबाइल एप के माध्यम द्वारा दो प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य, हिंदी व्याकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न थे, तथा प्रथम प्रश्नोतरी में 12 प्रश्न व द्वितीय प्रश्नोत्तरी में 10 प्रश्न थे। प्रश्नोतरी का संचालन श्री संजय शर्मा ने किया व सभी उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने इसमें भाग लिया, तथा दोनों प्रश्नोतरी के परिणाम संबंधित प्रश्नोतरी के पूरा होने के पश्चात मोबाइल एप्प पर उपलब्ध थे। इसी दौरान व्याख्यान के सन्दर्भ में भी चर्चा हुई, तथा हिंदी बोध मोबाइल एप्प में व्याख्यान प्रस्तुती पर फीडबैक तंत्र कार्यक्षमता के साथ रेटिंग जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त हिंदी बोध मोबाइल एप्प के माध्यम से आगामी प्रश्न्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रशासनिक सम्बन्धी प्रश्न भी सम्मिलित करने के बारे में कहा गया, जिसके लिए श्री राजेश कुमार यदुभूषणम, श्री विनय डोगरा एवं श्री शंकर लाल, प्रत्येक इस विषय पर 15 प्रश्न भेजेंगे।

दोनों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नानुसार है

| | **प्रतियोगिता का नाम : प्रश्नोत्तरी-1** | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | अजय सिंह चैहल | प्रथम |
| 2 | संजय कुमार ठाकुर | द्वितीय |
| 3 | सी. एल. कश्यप | तृतीय |

| | **प्रतियोगिता का नाम : प्रश्नोत्तरी-2** | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | भूपिंदर सिंह | प्रथम |
| 2 | आशीष शर्मा | द्वितीय |
| 3 | सी. एल. कश्यप | तृतीय |

इसी दौरान वेबिनार व विद्याकोश के बारे में भी चर्चा हुई, तथा सभी उपस्थित सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं नें विद्याकोश पाठ्यक्रमों की प्रगति के बारे में बताया और वेबिनार पूरा करने की तारीखें भी बतायी। राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने सभी को वेबसाइटस व एप्लीकेशनस का साइबर सुरक्षा ऑडिट, दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए।



**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान राज्य कार्यालय तथा अन्य अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी गण भाग लेते हुए**

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के तत्पश्चात हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भी हि.प्र. राज्य केंद्र एवं अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तथा सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोतरी तथा अन्य व नई गतिविधियाँ जारी रहनी चाहिए, तथा इन गतिविधिओं में सभी को रोचक पूर्ण व निष्ठा भाव से भाग लेना चाहिए।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी महानुभावों ने कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को और अधिक सशक्त रूप से जारी रखने सम्बन्धी विचार व अनुभव प्रस्तुत किए, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत हुए।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी में निम्नलिखित अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भाग लिया

| **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** | **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अजय सिंह चैहल | 18 | रवि कृष्ण मीना |
| 2 | संदीप सूद | 19 | विनोद कुमार गर्ग |
| 3 | संजय शर्मा | 20 | अनुराग गुप्ता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | विजय कुमार गुप्ता | 21 | भूपिंदर पाठक |
| 5 | विमल कुमार शर्मा | 22 | अक्षय मेहता |
| 6 | दलजीत सिंह राणा | 23 | बलवान सिंह |
| 7 | संजय कुमार ठाकुर | 24 | ब्रिजेन्द्र डोगरा |
| 8 | मंगल सिंह | 25 | संजय गुप्ता |
| 9 | आशीष शर्मा | 26 | अश्वनी कुमार |
| 10 | सी.एल. कश्यप | 27 | दीपक कुमार |
| 11 | सर्वजीत कुमार | 28 | विजय कुमार |
| 12 | रामनारायण यादव | 29 | मोहन राकेश |
| 13 | पूजा मान | 30 | संजीव कुमार कश्यप |
| 14 | संदीप कुमार | 31 | स्वेतांश शतक |
| 15 | मोनिका | 32 | भूपिंदर सिंह |
| 16 | जितेन्द्र शर्मा | 33 | शंकर लाल |
| 17 | विनय डोगरा | 34 | दीपक कुमार (एम.सी.एच.) |

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिन भर जारी रहा, एवं सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं नें कार्यालय में राजभाषा के सम्पूर्ण प्रयोग हेतु अपने अपने विचार रखे एवं अपने अपने अनुभव साँझा किये, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक थे।